Answer Sheet

8 Page

EXAMINATION BOOK

नाम Name

रोल न. Roll No दिनांक Date

कक्षा Class प्राप्तांक Marks Obtained

विषय Subject पूर्णांक Total Marks

ह. निरीक्षक Sign. of Supervisor ह. परीक्षक Sign. of Examiner

Start Writing From Here: लिखना यहाँ से प्रारम्भ करें।

प्र. 7. 1

(1) निरंकुशवाद से क्या तात्पर्य है।

एक ऐसी सरकार या शासन व्यवस्था जिसका सत्ता पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नही होता है। ऐसी सरकार जनता के अनुकूल कार्य नही करती है। ये अत्यंत केंद्रीकृत सैन्य बल पर आधारित और दमकारी सरकारें होती है।

प्र. 7. 2

जनमत संग्रह क्या है

जनमत संग्रह एक प्रत्यक्ष मतदान है। जिसके जरिए एक

एक क्षेत्र के सभी लोगो से प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए पूछा जाता है।

प्र. न. 3

उदारवाद क्या है?

उदारवाद liberalism शब्द का ~~रूपार~~ रूपान्तरण है। liberalism शब्द लैटिन भाषा के liber पर आधारित है। जिसका अर्थ है – स्वतंत्रता। नए मध्य वर्गों के लिए उदारवाद का मतलब था – व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी।

प्र. न. 4

जातीय शब्द का अर्थ बताइए?

एक साझा नस्ली जनजातीय या सांस्कृतिक उद्गम अथवा पृष्ठ भूमि जिसे कोई समुदाय अपनी पहचान मानता है।

प्र. न. 5

नारीवाद क्या था?

स्त्री - पुरुष को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक समानता की सोच के आधार पर महिलाओ के अधिकारो और हितो का बोध नारीवाद है।

प्र० न० 6

रॉलेट ऐक्ट क्या था?

रॉलेट एक्ट 1919 ई० मे पारित एक ऐसा कानून था जिसमे भारतीयो पर किसी तरह के मुकदमे को चलाया बिना शंका के आधार पर गिरफ्तार कर दो साल तक जेल मे बंद किया जा सकता है।

प्र० न० 7

गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन को ही क्यो चुना?

महात्मा गाँधी ने अपनी पुस्तक 'हिन्द स्वराज्य' (1909) मे कहा था कि भारत मे ब्रिटिश शासन भारतीयो के सहयोग से ही स्थापित हुआ था, और यह शासन इसी सहयोग के कारण चल पा रहा है। अगर भारत के लोग अपना सहयोग वापस ले लें तो साल भर के भीतर ब्रिटिश शासन ढह जाएगा और स्वराज की स्थपना हो जाएगी।

प्र० न० 8

असहयोग आन्दोलन कब और क्यो वापस लिया गया?

असहयोग आन्दोलन 1922 ई० मे चौरी-चौरा की घटना के कारण वापस लिया गया।

प्र० न० 9

भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है?

एक देश की अर्थव्यवस्था को दूसरा देश की अर्थ-व्यवस्था से तथा संपूर्ण विश्व के विभिन्न देशो की अर्थव्यवस्था का एक-दूसरा से विभिन्न क्षेत्रो के माध्यम से जुड़ा होना ही भूमंडलीय या वैश्वीकरण कहलाता है।

प्र० न० 10

जब हम कहते है कि सोलहवी सदी मे दुनिया 'सिकुड़ने' लगी थी तो इसका क्या मतलब है?

यहाँ दुनिया के 'सिकुड़ने' का मतलब है - विश्व के विभिन्न महाद्वीपो के व्यक्तियो के मध्य पारस्परिक सम्बन्धो मे वृद्धि।

प्र० न० 11

भारत मे कौन-2 सी मृदाएँ पायी है।

भारत मे जलोढ़ मृदा, काली मृदा, लाल व पीली मृदा लेटराइट मृदा, मरुस्थली मृदा वन मृदा पाई जाती है।

प्र० न० 12

चादर अपरदन किसे कहते है।

कई बार जल विस्तृत क्षेत्र को ढके हुए ढाल के साथ नीचे की ओर बहता है। ऐसी स्थिति मे इस क्षेत्र

क्षेत्र की ऊपरी मृदा घुल कर जल के साथ बह जाती है। उसे चादर अपरदन कहते है।

Start Writing From Here: लिखना यहाँ से प्रारम्भ करें।

प्र०नं०13

तीन राज्यो के नाम बताइए जहा काली मृदा पायी जाती है। इस पर मुख्य रूप से कपास की उगाई जाती है।

काली मृदा का रंग काला होता है। इसे रेगर मृदा भी कहते है। यह लावामय शैलो से बनती है। यह मृदा महाराष्ट्र, सौराष्ट्र, मालवा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पठार मे पाई जाती है। काली मृदा कपास की खेती के लिए उचित समझी जाती है। इसे काली कपास मृदा के नाम से जाना जाता है।

प्र०न०14

जैव संसाधन और अजैव संसाधन क्या हैं? उदाहरण दीजिए?

जैव संसाधन – वे संसाधन जिनकी प्राप्ति जीवमंडल से होती है। और जिसमें जीवन व्याप्त होता है; जैव संसाधन कहलाते हैं जैसे – मनुष्य, वनस्पति जगत, प्राणी जगत, पशुधन तथा मत्स्य जीवन आदि।

अजैव संसाधन – वे सारे संसाधन जो नीर्जीव वस्तुओं से बने हैं। ~~अ~~ अजैव संसाधन कहलाते हैं। जैसे – चट्टानों और धातुएँ।

प्र०न०15

संकटग्रस्त जातियों से क्या अभिप्राय है।

संकटग्रस्त जातियों से अभिप्राय उन जातियों से है। जिनके विलुप्त होने खतरा है। उदाहरणार्थ – काला हिरण, भारतीय जंगली गधा तथा संगाई हिरण (मणिपुर) इत्यादि।

प्र०न०16

टकसोल क्या है?

टकसोल हिमालयन यव नामक औषधीय पौधे की छाल टहनियों तथा जड़ों से स्त्रावित होने वाला रासायनिक पदार्थ है। यह कैंसर उपचार में सहायक है।

प्र. न. 17

व्याख्या कीजिए कि जल किस प्रकार नवीकरण योग्य संसाधन है।

जल एक नवीनकरण योग्य संसाधन है। क्योंकि जल एक बार प्रयोग करने पर समाप्त नही होती है। हम इसका बार-बार प्रयोग कर सकते हैं। अर्थात इसकी पुनः पूर्ति संभव है जैसे - जल का प्रयोग यदि उद्योग मे या घरेलू कामकाज मे किया जाता है। तो इससे जल दूषित हो जाता है। किंतु ~~सम्पात~~ समाप्त नही होता। इस जल को साफ करके फिर से इस्तेमाल करने योग्य बनाया जाता है।

प्र. न. 18

एक पेय फसल का नाम बताइए उसको उगाने के अनुकूल भौगोलिक परिस्थित ~~क्षेत्रों~~

चाय एक महत्वपूर्ण पेय पदार्थ की फसल है। चाय का पौधा उष्ण और उपोष्ण कटिबंधीय जलवायु, ह्यूमस और जीवांश युक्त गहरी मिट्टी तथा सुगम जल निकास वाले ढलवाँ क्षेत्रो मे उगाया जाता है। चाय की खेती के लिए वर्ष भर कोष्ण, नम और पालारहित जलवायु की आवश्यकता होती है। वर्ष भर समान रूप से होने वाली वर्षा इसकी कोमल पत्तियो के विकास मे सहायक होती है। भारत विश्व का अग्रणी चाय उत्पादक देश है।

प्र० न० 19

भारत की एक खाद्य फसल का नाम बताइए और जहाँ पैदा होती क्षेत्र का विवरण दीजिए।

गेहूँ भारत की प्रमुख खाद्य फसल है। यह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिम भागो मे पैदा की जाती है। देश मे गेहूँ उगाने वाले दो मुख्य क्षेत्र है उत्तर-पश्चिम मे गंगा-सतलुज का मैदान और दक्कन का काली मिट्टी वाला प्रदेश पंजाब, हरियाणा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ भाग गेहूँ पैदा करने वाले प्रमुख राज्य है।

प्र० न० 20

खनिज क्या है?

खनिज उन प्राकृतिक साधनो को कहते है। जो शैलो से प्राप्त है। भू वैज्ञानिको के अनुसार खनिज एक प्राकृतिक रूप से विद्यमान है। ~~भू-वैज्ञानिको के अनुसार खनिज एक~~ सम रूप है। जिसकी एक निश्चित आंतरिक संरचना है। खनिज प्रकृति मे अनेक रूपो मे पाए जाते है। जिसमे कठोर, ठोस एवं नरम चूना तक शामिल है।

Start Writing From Here: लिखना यहाँ से प्रारम्भ करें।

प्र० न० 21

धात्विक खनिज किसे कहते हैं ऐसे दो खनिजो के नाम लिखिए -

जिन खनिजो से धातु प्राप्त होती है। जिनमे चमक होती है तथा जिनको कूट-पीटकर चादरो के रूप मे ढाला जाता है। और तारो के रूप मे खीचा जा सकता है। धात्विक खनिज कहलाते है। जैसे - लोहा, सोना आदि।

प्र० न० 22

कोडरमा किस राज्य मे स्थित है यह किस खनिज से सम्बंधित है।

कोडरमा झारखण्ड राज्य मे स्थित है। यह अभ्रक से सम्बन्धित है।

प्र०7.23

ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत किसे कहते है किन्ही दो क्षेत्रो के नाम खनिज तेल इसीके

ऊर्जा के वे स्त्रोत जिनका उपयोग प्राचीनकाल से किया जा रहा है। ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत कहलाते है। इन स्त्रोतो मे लकड़ी, उपले, कोयला, पेट्रोलियम प्राकृतिक गैस तथा विद्युत आदि सम्मिलित है। भारत मे मुम्बई हाई, गुजरात, और असम प्रमुख खनिज तेल है।

प्र०7.24

जन संचार के साधन कौन-कौन से है।

जनसंचार के साधनो मे रेडियो, दूरदर्शन, डाकतार, इंटरनेट, चलचित्र, समाचार-पत्र, पत्रिकाएं, टेलीफोन मोबाइल, आदि प्रमुख है।

प्र०7.25

भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुओ के नाम लिखिए।

भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुओ मे पेट्रोलियम जूट के सामान, चाय, मैंगनीज, लोहा तंबाकू, रत्न व जवाहरात, रसायन व संबंधित उत्पाद सायकल पार्ट आदि प्रमुख है।

प्र० न० 26

एथनीक या जातीय से क्या तात्पर्य है।

ऐसा सामाजिक विभाजन जिसमे हर समूह अपनी - अपनी संस्कृति को अलग मानता है। यानी यह साझी संस्कृति पर आधारित है सामाजिक विभाजन है।

प्र० न० 27

सत्ता की साझेदारी से क्या तात्पर्य है।

किसी देश मे शासन करने की शक्ति का समाज के अलग- अलग समुदायो, वर्गो या लोगो मे बंट- -वारा सत्ता की साझेदारी कहलाता है।

प्र० न० 28

वैध सरकार से आप क्या समझते है।

वैध सरकार वह सरकार जो जनता द्वारा चुनी जाती है। वैध सरकार कहलाती है।

प्र० न० 29

गृहयुद्ध से क्या तात्पर्य है।

जिस देश मे सरकार - विरोधी समूहो की हिंसक लड़ाई भी ऐसा रुप ले कि वह युद्ध सा लगे तो उसे गृहयुद्ध कहा जाता है।

प्र० नं० 30

समवर्ती सूची क्या है।

विषयो की वह सूची जिस पर कानून बनाने का अधिकार राज्य और केन्द्र सरकार दोनो का होता है। लेकिन जब दोनो के कानून मे टकराव हो तो केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून ही मान्य होता है। इस सूची मे शिक्षा, वन मजदूर संघ, गोद लेना और उत्तराधिकार जैसे विषय शामिल है।

प्र० नं० 31

अविशिष्ट सूची क्या है।

विषयो की वह सूची पर केन्द्र सरकार कानून बनाती है। इसमे वे विषय रखे गए है जो तीनो सूचियो मे शामिल नही हो पाए थे।

प्र० नं० 32

संघीय शासन व्यवस्था से क्या तात्पर्य है।

वह शासन व्यवस्था जिसमे एक ही समय मे दो अधिक सरकारें काम करे, संघात्मक व्यवस्था कहलाती है।

प्रश्न.33

नस्ल भेद से क्या तात्पर्य है।

किसी देश या समाज मे नस्ल के आधार पर कुछ लोगो को नीचा या हीन समझना नस्ल भेद कहलाता है।

प्र० न.34

नागरिक अधिकार आन्दोलन किस देश से शुरू किया जाता था।

संयुक्त राज्य अमेरिका से।

प्र० नं० 35

लोकतंत्र के लिए जातिवाद घातक है इसके दो कारण बताइए।

(i) जातिवाद ने देश के विभिन्न जातीय समूहो मे आपसी संघर्ष और टकराव संप्रदायो को ~~जन्म~~ ~~समझे~~ जन्म दिया है। जोकि राष्ट्रीय एकता के लिए एक बड़ा खतरा है।

(ii) जातिवाद के आधार पर आरक्षण की राजनीति ने भी भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

प्र० नं० 36

यदि सत्ताकद दल धर्म को शासक तथा आधार मानता है उसमे होनेवाली तर्क दीजिए।

(i) साम्प्रदायिक राजनिति को बढ़ावा मिलेगा।

(ii) बहुसंख्यकवाद तथा अल्पसंख्यकवाद को बढ़ावा मिलेगा।

प्र० नं० 37

असम गण परिषद क्या है।

विदेशी लोगो के विरुद्ध छात्रो का असम आंदोलन असमगण परिषद मे परिवर्तित हो गया।

प्र० नं० 38

भारत के पड़ोसी देशो के नाम बताइए।

श्रीलंका और नेपाल

प्र०न०39

सामान्य नागरिक सत्ता मे किस प्रकार की भागीदारी करता है।

सामान्य नागरिक विवेकपूर्ण निर्णय लेकर मतदान कर सत्ता मे जागरूक भागीदारी कर सकते है।

प्र०न०40

लोकतंत्र का अर्थ बताइए।

एक ऐसी शासन-व्यवस्था जिसमे जनता अपने प्रतिनिधियो का चुनाव करती है। ये प्रतिनिधि जनता के हितो को ध्यान मे रखकर कानून बनाते है तथा जनता की इच्छा तक अपने पद पर रहते है।

प्र०न०41

आर्थिक समानता का अर्थ बताइए?

किसी भी देश मे होने वाली आय का वितरण इस प्रकार हो जिससे सभी को उसका बराबर लाभ मिले और सभी लोग बेहतर जीवन गुजार सके। इस स्थिति को आर्थिक समानता कहते है।

प्र०न०42

लोकतंत्र की सबसे बड़ी चिंता क्या होती है।

लोकतंत्र मे सबसे बड़ी चिंता यह होती है। कि लोगो को अपना शासक चुनने का अधिकार होता है।

प्र० न० 43

धर्मनिरपेक्षता से क्या तात्पर्य है।

राज्य का अपना कोई धर्म न हो तथा राज्य मे रहने वाले व्यक्ति स्वेच्छा से कोई धर्म अपना सके तथा राज्य धर्म के आधार पर नागरिको मे भेदभाव न करे तो वह स्थिति धर्म - निरपेक्ष कहलाती है।

प्र० न० 44

लोकतांत्रिक व्यवस्था क्या है।

यह एक ऐसी व्यवस्था है। जिसके केन्द्र मे लोग हो अर्थात लोगो की द्वारा बनाई सरकार, जो लोगो के लिए काम करेगी तथा लोगो की इच्छा तक ही बनी रहेगी।

प्र० न० 45

एक अच्छे लोकतंत्र को किस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है?

जनता शासक को चुने और शासक जनता की भावनाओ और आकांक्षाओ के अनुरूप काम करे।

प्र० न० 46

उत्तरप्रदेश सरकार ने एक सर्वेक्षण के उपरांत क्या पाया?

उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सर्वेक्षण कराया और पाया कि ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर परस्थ

अधिकतर डॉक्टर अनुपस्थित थे। वे शहरो मे रहते है, निजी प्रैक्टिस करते है। और महीने मे सिर्फ एक या दो दिन अपनी नियुक्त वाली जगह पर घूमते है। गाँव वालो को साधारण रोगो के इलाज के भी शहर जाना होता है।

प्र० न० 47

चुनौतियो के अर्थ बताइए—

चुनौतियो का अर्थ है— लोकतंत्र के मार्ग पर या मे आने वाली वे बाधाएँ जिन्हे दूर किए बिना लोकतंत्र का विकास सम्भव नही है।

प्र० न० 48

केरल मे अन्य राज्यो की तुलना मे शिशु-मृत्यु दर कम क्यो है।

केरल मे अन्य राज्यो की तुलना मे शिशु-मृत्यु दर कम होने के दो मुख्य कारण गत्वत है।

(i) केरल की साक्षरता दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है
(ii) केरल में निवल उपस्थिति अनुपात अन्य राज्यों की तुलना मे उच्च है।

प्र० नं. 49

प्रतिव्यक्ति आय से क्या तात्पर्य है।
किसी देश की कुल आय को कुल जनसंख्या से भाग देने पर प्राप्त आय को औसत आय कहते है। इसे प्रति-व्यक्ति आय भी कहते है।

प्र० नं. 50

तृतीय क्षेत्रक से क्या तात्पर्य है?
इसके अंतर्गत क्रियाएं किसी वस्तु का उत्पादन नही करती बल्कि सेवाओं का उत्पादन करती है। ये क्रियाएं प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक के विकास मे मदद करती है - वकील, डॉक्टर, शिक्षक, परिवहन सेवाएं आदि संस्थाएं प्रमुख है।

प्र० नं. 51

मौसमी बेरोजगारी क्या है?
मौसमी बेरोजगारी वह स्थिति है जिसमे लोगो को पूरे साल काम नही मिलता। साल के कुछ महीनो मे ये लोगो को बेरोजगार रहते है।

प्र०न० 52

रोजगार के संगठित क्षेत्र को परिभाषित कीजिए।

संगठित क्षेत्र (क्षेत्रक) से तात्पर्य उन उद्यमो अथवा कार्य स्थानो पर जहाँ रोजगार की अवधि नियमित होती है। ये क्षेत्र सरकार द्वारा पंजीकृत होते है और उन्हे सरकारी नियमो एवं विनियमो का अनुपालन करता है।

प्र०न० 53

अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्रक मे श्रमिको की किन्ही तीन समस्यो उल्लेख कीजिए?

(i) श्रमिको को कम वेतन मिलने का और प्राय: यह नियमित नही होता है।

(ii) श्रमिको का रोजगार अनिश्चित होता है।

(iii) श्रमिको को सवेतन छुट्टी तथा बिमारी के कारण छुट्टी नही मिलती है।

प्र०न० 54

वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है।

अधिक विदेश व्यापार और अधिक विदेशी निवेश के कारण विभिन्न देशो के बाजारो एवं उत्पादनो मे एकीकरण हो रहा है। विभिन्न देशो के बीच परस्पर संबन्ध और तीव्र एकीकरण की प्रतिक्रिया ही वैश्वीकरण है।

प्र०न० 55

विदेशी निवेश से क्या तात्पर्य है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियो द्वारा विभिन्न परिसंपत्तियो पर किए गए निवेश को विदेशी निवेश कहते है।

प्र०न० 56

उपभोक्ता अपनी एकजुटता का प्रदर्शन कैसे कर सकते है?

उपभोक्ता अपनी एकजुटता का प्रदर्शन उपभोक्ता दल बनाकर उपभोक्ता आंदोलनो के द्वारा तथा उपभोक्ता सुरक्षा परिषदो को बनाकर कर सकते है।

प्र०न० 57

कोपरा कानून क्या है।

सन् 1986 मे भारत सरकार द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया यह उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 कानून बनाया गया जो कोपरा के नाम से प्रसिद्ध है।

प्र०न० 58

उपभोक्ता किसे कहते है?

ऐसे व्यक्ति जो अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुओ या सेवाओ को खरीदते है और उनका उपभोग करते है। उन्हे उपभोक्ता कहते है।